1 Ambikapur-pg 1-0_Layout 1 5/1/2025 10:03 PM Page 1


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 2 मई 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]



2 स्वामी आत्मानंद स्कूल चरचा में घोषित किए गए परिणाम









## खबर संक्षेप

### उन्मुखीकरण कार्यशाला सह स्वच्छता संवाद कार्यक्रम 5 को

**अम्बिकापुर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत ठोस व प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन कार्य का क्रियान्वयन जिले के सभी ग्राम पंचायत/ग्रामों में प्राथमिकता पूर्वक किया जाना है। जिसके अनुसार ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत घर-घर कचरा संग्रहण, परिवहन, सेग्रीगेशन शेड में कचरे का पृथक्कीकरण सह उचित निपटान, सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध तथा शतप्रतिशत यूजर्स चार्ज कलेक्शन हेतु चिन्हांकित मॉडल ग्राम पंचायतों के नवीन निर्वाचित सरपंच व सचिवों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला सह स्वच्छता संवाद कार्यक्रम 05 मई को प्रातः 11:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। जिसमें समस्त नवीन निर्वाचित सरपंच व सचिव ग्राम पंचायत शामिल होंगे। उन्होंने समस्त जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पत्र जारी कर आवश्यक कार्यवाही करते हुए अपने जनपद परिक्षेत्र के सरपंच व सचिव ग्राम पंचायतों को निर्धारित तिथि व समय पर बीएसओ सहित उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया है।

### कन्या शिक्षा परिसर में प्रवेश हेतु आवेदन 15 से

**अम्बिकापुर।** शासकीय कन्या शिक्षा परिसर अम्बिकापुर के प्राचार्य ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के निर्देश के परिपालन में शासकीय कन्या शिक्षा परिसर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु कक्षा 6वीं, 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन दिनांक 23 जून को प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस हेतु कक्षा 5वीं एवं 8वीं में पंजीयन हेतु छात्राओं का ग्रेड ए होना अनिवार्य है। परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु छात्राओं को कार्यालय प्राचार्य कन्या शिक्षा परिसर में कार्यालयीन समय में पंजीयन कराना अनिवार्य है। पंजीयन की तिथि 15 मई से 13 जून तक है। कक्षा 6वीं, 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश हेतु पंजीयन के लिए उत्तीर्ण कक्षा 5वीं एवं 8वीं में ग्रेड ए की अंकसूची, आधार कार्ड, स्थायी जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र की फोटोकॉपी साथ लाना होगा एवं मोबाइल नम्बर नोट कराना आवश्यक होगा। कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु 10वीं की बोर्ड परीक्षा में प्राप्तांकों के आधार पर प्रावीण्य सूची के आधार पर प्रवेश दिया जावेगा।

### पुलिस की पूछताछ में सामने आई बात, एक माह पूर्व बनाई थी हत्या की योजना

# मंगेतर ने ही किया था युवक पर पहला हमला, फिर प्रेमी ने उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम/बतौली

**खास बात**

- क्षेत्र में आक्रोश का माहौल

शादी के दस दिन पहले मंगेतर की हत्या के मामले में बड़ी बात सामने आई है। युवती ने ही इस हत्याकांड की साजिश रची और फिर घटना दिवस की रात सबसे पहले युवती ने ही अपने होने वाले पति के सिर पर टांगी से वार किया था। इसके बाद प्रेमी ने ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दी। इधर घंटों चली समझाईस के बाद मृतक के परिजन शव लेने के लिए तैयार हुए जिसके बाद शव को परिजन के सुपुर्द किया गया। इधर इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है इसके साथ ही लोगों के आक्रोश को देखते हुए पुलिस द्वारा बड़ी संख्या में बल तैनात किया गया है।

बता दें कि गुरुवार की सुबह बतौली के शादी के ठीक दस दिन पहले युवक की हत्या कर शव को घोघरा जंगल में दफन करने की घटना से सनसनी फैल गई थी। मृतक युवक जजगा निवासी 31 वर्षीय अमृत लकड़ा आ. अमरसाय लकड़ा के रहस्यमय तरीके से लापता होने के बाद युवक की मंगेतर घोघरा निवासी 22 वर्षीया पुष्पा केरकेट्टा आ. बसंतलाल व उसके प्रेमी 21 वर्षीय गगन टोप्पो उर्फ बबलू आ. मैनाराम को हिरासत में लेकर पूछताछ की जाने पर उन्होंने युवक की हत्या कर शव को जंगल में दफन करने की बात कही थी जिसके बाद पुलिस अधिकारी भी सकते में गए। जिस युवक से युवती की शादी होने वाली थी उसी ने युवक को मौत के घाट उतार दिया। हत्या की पुष्टि होने के बाद सुबह सुबह पुलिस आरोपियों को लेकर घटनास्थल घोघरा जंगल पहुंची। इस दौरान आरोपियों की निशानदेही के बाद फॉरेंसिक टीम की मौजूदगी में गड्ढे को खोदकर घंटों की मशक्कत के बाद शव को बरामद किया गया। इस दौरान घटना को लेकर मृतक युवक के परिजन में खासा आक्रोश देखने को मिला। मृतक के परिजन आरोपियों को उनके हवाले करने की मांग कर थे थे जिससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति निर्मित होता देख पुलिस विभाग द्वारा बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था। घटना स्थल पर ही चिकित्सकों द्वारा मृतक का पीएम कराया गया। इधर पीएम एक बाद परिजन ने शव लेने से इनकार कर दिया था। परिजन का कहना है कि युवक की हत्या सिर्फ दो लोग नहीं कर सकते। इस घटना में कई अन्य लोगों के भी शामिल होने की आशंका परिजन ने जताई है। पुलिस द्वारा मृतक के परिजन को समझाइश देने के साथ ही दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया जिसके बाद परिजन मृतक का शव लेने को तैयार हुए।



आरोपी को घटना स्थल पर लेकर जाती पुलिस टीम।



घटना स्थल पर मौजूद ग्रामीणों की भीड़ व पुलिसकर्मी।

### इस तरह दिया वारदात को अंजाम

पुलिस की अब तक की जांच में यह बात सामने आई है कि युवती अमृत लकडा से शादी नहीं करना चाहती थी और इसके उसने अपने प्रेमी के साथ मिलकर एक महीने पहले ही हत्या की योजना बनाई थी। एक माह पूर्व पुष्पा ने अमृत लकड़ा को मिलने के लिए मेले में बुलाया था लेकिन युवक किसी कारण से नहीं गया इसलिए उनकी योजना असफल हो गई। 26 अप्रैल को भी अमृत लकड़ा 26 अप्रैल को पुष्पा के चाचा के विवाह के बाद के चुमावन कार्यक्रम में शामिल होने आया हुआ था और यही से आरोपी पुष्पा केरकेट्टा ने अपने मंगेतर को मिलने के बहाने घोघरा के बेन्दोकोना जंगल में बुलाया था। इस जंगल में पहले से ही घोघरा निवासी 21 वर्षीय गगन टोप्पो उर्फ बबलू आ. मैना राम छिपा हुआ था। पुलिस के अनुसार गगन टोप्पो ने स्वीकार किया है कि सबसे पहले पुष्पा ने ही अपने होने वाले पति पर टांगी से वार किया जिससे वह जमीन पर गिर गया और उसके बाद गगन टोप्पो ने युवक के सिर पर ताबड़ तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद दोनों ने मिलकर गड्ढा खोदा और शव को दफन कर दिया। इस दौरान सीतापुर एसडीओपी राजेंद्र मंडावी, फॉरेंसिक एक्सपर्ट प्रभात भगत, बतौली थाना प्रभारी चंद्रप्रताप तिवारी, सीतापुर थाना प्रभारी प्रदीप जायसवाल, तहसीलदार तारा सिदार बीएमओ डॉ. संतोष सिंह सहित पूरी टीम मौजूद रही।

#### प्रेमी ने घर पहुंचाई बाइक

हत्या के बाद पकड़े जाने के डर से और पुलिस व परिजन को गुमराह करने के लिए आरोपी गगन टोप्पो ने मृतक अमृत लकड़ा की बाइक को ग्राम जजगा स्थित उसके घर पहुंचा दिया। यही से परिजन को उसके गुमशुदगी की जानकारी हुई और उसके बाद से परिजन युवक की तलाश कर रहे थे। इस बीच एक सवाल यह भी है कि युवक ने देर रात मृतक के घर के बाहर जाकर उसकी बाइक खड़ी की तो आरोपी गगन टोप्पो वापस अपने गांव घोघरा कैसे आया। संभावना जताई जा रही है कि उनके इस हत्याकांड में और भी कोई शामिल हो सकता है।

### आक्रोशित हुए ग्रामीण, हुई झूमा झटकी

बताया जा रहा है कि शादी के पहले युवक की हत्या करने की जानकारी के बाद पूरा जजगा गांव उठकर घोघरा पहुंच गया था। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण घटना स्थल पहुंचे थे और लोगों में घटना को लेकर रोष का माहौल था। ग्रामीण लगातार आरोपियों को उनके हवाले करने की मांग कर रहत थे। यही वजह है कि पुलिस द्वारा बड़ी संख्या में बल तैनात किया गया था लेकिन ग्रामीणों का आक्रोश फुट पडा। इस दौरान जमकर विवाद और झूमा झटकी हुई।

#### पुलिस ने भेजा जेल

पुलिस ने युवक की हत्या के आरोप में युवती और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की पूछताछ में दोनों ने अपना जुर्म कबूल किया। पुलिस ने आरोपियों से घटना में प्रयुक्त खून लगा टांगी, फावड़ा एवं मृतक का जूता बरामद किया गया हैं। इसके साथ ही पुलिस ने आरोपी घोघरा निवासी 22 वर्षीय बबलू बहान टोप्पो आ. मैना राम टोप्पो व 22 वर्सिया पुष्पा केरकेट्टा आ. बंसत लाल केरकेट्टा को बीएनएस की धारा 61(2)क, 103(1), 238 क, 3(5) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### मातम में बदली खुशियां

बता दें कि दोनों परिवारों की सहमति से अमृत लकडा और पुष्पा केरकेट्टा का विवाह तय किया गया था। दोनों की शादी के कार्ड छपने के साथ ही गांव में बंट गए थे। 5 मई से दोनों के शादी के रस्म शुरू होने थे और 6 मई को अमृत लकडा की बारात जाने वाली थी लेकिन शादी के ठीक दस दिन पहले होने वाली पत्नी ने ही अपने प्रेमी के साथ मिलकर मंगेतर की हत्या कर दी। देर शाम जब युवक का शव गांव पहुंचा तो गांव में शोक का माहौल निर्मित हो गया और शादी की खुशियां मातम में बदल गई।



# डंडे से की पिटाई, आंत और फेफड़े में चोट से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली

- पुलिस ने आरोपी युवक को किया गिरफ्तार

मामूली विवाद पर बांस के डंडे से की गई मारपीट से घायल युवक की मौत हो गई। युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम लैगू निवासी बबलू जुजुर के के भाई नींदु कुजूर का 15 अप्रैल को पड़ोसी युवक राजेश नगेसिया से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के दौरान राजेश नगेशिया ने नींदु कुजूर के पेट पर बांस के डंडे से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। मारपीट से घायल युवक का परिजन द्वारा उपचार कराया गया लेकिन 17 अप्रैल को अचानक नहाते समय गिरकर उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया गया था। पीएम रिपोर्ट में युवक की मौत का कार फेफड़े, आंत में आई गंभीर चोट को बताया गया। ऐसे में पुलिस ने गाम लैगू निवासी 18 वर्षीय राजेश कुमार आ. सांझु राम को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त बांस का डंडा बरामद करने के साथ ही उसे बीएनएस की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बतौली सीपी तिवारी, सउनि सजय गुप्ता, प्रधान आरक्षक देवेन्द्र सिंह, महिला आरक्षक मेरी क्लारेट, आरक्षक राजेश खलखो, रामदेव, रविनरायण, भगलू राम, आनंद सक्रिय रहे।

# भूमाफिया बेखौफ होकर हथिया रहे आदिवासियों की जमीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

- 5 डिसमिल की जगह कराई 32 डिसमिल की रजिस्ट्री, थाने में शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई, कलेक्टर, एसपी से लगाई मदद की गुहार

जिले में इन दिनों भूमाफियाओं का कब्जा हो गया है। भूमाफिया बेखौफ होकर भोले भाले आदिवासी ग्रामीणों के साथ धोखा धड़ी कर उनकी जमीन हथियाने का प्रयास कर रहे है। जिले के ग्राम भेस्की में पहाड़ी कोरवा युवक द्वारा भूमाफियाओं की प्रताड़ना से तंग आकर आत्म हत्या करने का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ है और अब पुनः आदिवासी ग्रामीण की जमीन हथियाने का मामला सामने आया है। इस मामले की शिकायत प्रभावित ग्रामीण ने कलेक्टर, एसपी से करते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इधर इस मामले को लेकर एसपी ने स्पष्ट किया है कि दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि शिकायतकर्ता ग्राम अलखडीहा निवासी वृद्ध बोलो आ. रूपचंद मार की पट्टे की भूमि खसरा नम्बर 132 में रकबा 0.1300 हेक्टयर मौजूद है। ग्रामीण का कहना है कि 21 अप्रैल को वह अस्पताल जाने के नाम पर घर से निकला था इस दौरान तारादेवी पति काशीनाथ तिवारी, सुनील सिंह आ. विश्राम सिंह व केशर यादव आ. रामसेवक यादव अपने साथ उप पंजीयक कार्यालय ले गए। इस दौरान उन्होंने 5 डिसमिल जमीन का सौदा कर फर्जी तरीके से 32 डिसमिल जमीन की रजिस्ट्री करवा ली। इस धोखाधड़ी के दौरान उनके साथ दलाल के रूप में दीपक शर्मा आ. सेवक शर्मा और अरविन्द किंडो आ. कालिदास किंडो मौजूद थे। जब ग्रामीण को अपने साथ धोखा धड़ी की जानकारी हुई तो उसने इस मामले की शिकायत बलरामपुर थाने में लिखित रूप से दी थी लेकिन शिकायत के बाद भी कोतवाली पुलिस द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। ऐसे में ग्रामीण ने इस मामले की शिकायत कलेक्टर और एसपी से की है। ग्रामीण का कहना है कि अब तक वाद भूमि का नामांतरण नहीं हो पाया है ऐसे में उसने इस मामले में जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अपनी जमीन वापस दिलाने की गुहार लगाई है।



#### पटवारी का फर्जी हस्ताक्षर

बताया जा रहा है कि भू माफिया अब ग्रामीणों की जमीन हथियाने के लिए अधिकारियों के फर्जी हस्ताक्षर भी कर रहे है। वर्तमान में जिस ग्रामीण बोलो मार की जमीन की रजिस्ट्री धोखे से कराई गई उसमें संबंधित हल्का पटवारी का भी हस्ताक्षर है। लेकिन इस मामले में अब जो बात सामने आई है उसके अनुसार भूमाफियाओं ने पटवारी का हस्ताक्षर भी फर्जी तरीके से कराया है। इस संबंध में हल्का पटवारी करुणा नाग ने कहा कि मेरा फर्जी हस्ताक्षर किया गया है जिसकी शिकायत मैंने लिखित रूप से एसडीएम से की है।

#### की जाएगी कार्रवाई

शिकायती पत्र की जांच कराने के बाद मामले में कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी।

-वैभव बैंकर रमनलाल, एसपी



# कार की टक्कर से स्कूटी सवार ग्रामीण की मौत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

- एनएच 343 पर डूमरखी के समीप हुई घटना

एनएच 343 पर बीती रात कार की टक्कर से एक ग्रामीण की मौत हो गई। डूमरखी के समीप हुई घटना में ग्रामीण ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि एक अन्य गेअमीन गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घायल को अस्पताल भेजा गया इसके साथ ही मृतक के शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

बताया जा रहा है कि जिले के ग्राम तरका खांड निवासी 50 वर्षीय सोमरा आ. बैजनाथ कोडाकु अपने साथी राजकुमार आ. शिव नाथ बुधवार को नगर में लगने वाले साप्ताहिक बाजार में आए हुए थे। साप्ताहिक बाजार में काम करने के बाद दोनों स्कूटी से वापस अपने गांव लौट रहे थे। इस दौरान एनएच 343 पर डूमरखी ढाबा और बलरामपुर के बीच जंगल में कार क्रमांक सीजी 15 बी 8451 के चालक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूटी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई जबकि स्कूटी सवार ग्रामीण सड़क पर गिर गए। इस घटना में सोमरा कोड़ाकू की मौके पर मौत हो गई जबकि राजकुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम द्वारा घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया इसके साथ ही शव को मर्च्युरी में रखवाया गया। गुरुवार को पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है। इस दुर्घटना के पीछे मुख्य कारण रफ्तार के साथ ही जर्जर सड़क को बताया जा रहा है। जर्जर सड़क के आए दिन इस स्थान पर दुर्घटना के शिकार हो रहे है और लोगों की मौतें हो रही है।

### शिकायत के बाद पुलिस ने दर्ज किया अपराध, विधायक ने कहा- नहीं है हमारा कोई संबंध

# विधायक का भतीजा बताकर एएसआई से गाली गलौज, बस्तर ट्रांसफर कराने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

बिना नम्बर और बिना फिटनेस की गाड़ी का चालन काटते समय पुलिसकर्मी से गाली गलौज करने की घटना सामने आई है। वाहन मालिक ने खुद को विधायक का भतीजा बताते हुए सहायक उप निरीक्षक को फोन पर धमकी दी। इतना ही नहीं आरोपी घटना स्थल पर भी पहुंच गया और पुलिसकर्मी के साथ जमकर गाली गलौज करने के साथ ही बस्तर ट्रांसफर कराने की धमकी दी। अब इस मामले में पुलिस की ओर से अपराध दर्ज कर लिया गया है। वहीं अब इस मामले में विधायक राजेश अग्रवाल का भी बयान सामने आया है और उन्होंने स्पष्ट किया है कि आरोपी से उनका कोई लेना देना है और ना ही वह उनका रिश्तेदार है।

बताया जा रहा है कि यातायात शाखा में पदस्थ सउनि एच कुजूर 30 अप्रैल को शासकीय इंटरसेप्टर वाहन क्रमांक सीजी 03 9903 से आरक्षक इंद्र प्रताप सिंह, चालक आरक्षक नागेश्वर राजवाड़े के साथ एनएच 130 पर रजपुरी के पास मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई कर रहे थे। सउनि श्री कुजूर का आरोप है कि वाहन चेकिंग के दौरान एक बिना नम्बर का पिकअप उन्हें लखनपुर की तरफ से आते हुए दिखा। पुलिसकर्मियों ने जब पिकअप को रोककर उससे कागजात मांगे गए तो चालक के पास कोई कागजात मौजूद नहीं था और ना ही पिकअप में नम्बर लिखा हुआ था। चालक से पूछने पर उसने पिकअप का नंबर सीजी 15 एसी 1123 बताया। वहीं जब पुलिस ने ऑनलाइन वाहन के नम्बर प्लेट की जांच की तो पता चला कि पिकअप का फिटनेस और प्रदूषण प्रमाण पत्र फेल था इसके साथ ही पूर्व में किए गए चालान को भी नहीं पटाया गया था ऐसे में पुलिसकर्मी ने जब पिकअप का फाइन काटने की बात कही तो चालक ने वाहन मालिक लखनपुर निवासी राकेश अग्रवाल से उसकी फोन पर बात कराई। आरोप है कि वाहन मालिक राकेश अग्रवाल ने पुलिसकर्मी को फोन पर कहा कि मेरे गाडी का चालान नहीं काटोगे, जानते हो मै कौन हूं, राजेश अग्रवाल विधायक अंबिकापुर का भतीजा हूं। तुम पुलिस वाले गुण्डागर्दी करोगे तो बस्तर ट्रांसफर करवा दूंगा, थाने मे मेरे और भी रिकॉर्ड है मेरा क्या कर लोगे बोलकर फोन को काट दिया। कुछ समय बाद 12 .15 बजे करीब पिकअप वाहन मालिक राकेश अग्रवाल सफेद रंग के कार से मौके पर पहुंचा और कार को इंटरसेप्टर वाहन के सामने खड़ी किया। इस दौरान वह वाहन में बैठकर प्रेमनगर निवासी हीरालाल आ. गोपाल का चालान काट रहा था। मौके पर पहुंचकर तब राकेश अग्रवाल ने सउनि श्री कुजूर को बोला कि मेरा गाडी का जितना फाइन काटना है काटो, थाना प्रभारी का नाम, मोबाइल नंबर बताओ मै देख लुंगा। इस दौरान राकेश अग्रवाल ने पूछा की जशपुर से आये हो क्या, तब पुलिसकर्मी ने जवाब दिया कि हां जशपुर से आया हूं। इस दौरान राकेश अग्रवाल ने सीएम विष्णु साय को बताता हूं कहते हुए पुलिसकर्मी से गाली गलौज और और ट्रांसफर कराने की धमकी दी। अब इस मामले में पुलिस द्वारा आरोपी लखनपुर निवासी राकेश अग्रवाल के खिलाफ मोटरयान अधिनियम, 1988 (संशोधन 2015,2019) की धारा 179(1), अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (नृशंसता निवारण) अधिनियम, 1989 (संशोधन 2015) की धारा 3-1(आर) 3-1(एस) व 221, 224, 296, 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

#### विधायक ने जारी किया बयान

विधायक का भतीजा बताकर पुलिसकर्मी से गाली गलौज करने के मामले में अब विधायक राजेश अग्रवाल का भी बयान सामने आया है। एएसआई से गाली गलौज करने के मामले में विधायक श्री अग्रवाल ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि ट्रैफिक सहायक उपनिरीक्षक के साथ गाली गलौज कर अपराध दर्ज लखनपुर थाने का मामला प्रकाश में आया है। उक्त व्यक्ति हमारे परिवार का सदस्य नहीं है और न ही हमारा आरोपी राकेश अग्रवाल से कोई संबंध है। अगर कोई भी व्यक्ति विधायक का नाम बदनाम करने का प्रयास करता है ऐसे लोगों के खिलाफ कानून के तहत अपना काम करने को स्वतंत्र है। इस तरह के घटना से मै खुद बहुत आहत हूं। उन्होंने कहा है कि मैं खुद भी यह चाहता हूं कि इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति ना हो और दोषी पर कानून के तहत जांच कर उचित कार्रवाई की जाए।



# बिना अनुमति बजा रहे थे डीजे, पुलिस ने किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

बिना अनुमति डीजे संचालन करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए डीजे को जब्त किया है। पुलिस द्वारा मामले में डीजे संचालक समेत कार्रवाई का विरोध कर रहे तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार 29 व 30 अप्रैल की रात लगभग दो बजे जमुआटाड़ में तेज आवाज में डीजे बजाने की शिकायत मिली थी। शिकायत के बाद जब पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर डीजे बंद कराया तो कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा कार्रवाई का विरोध किया गया। इस दौरान पुलिस द्वारा डीजे ऑपरेटर झारखंड के गढवा अंतर्गत ग्राम दंडई के ग्राम जरही निवासी 19 वर्षीय राहुल कुमार पासवान आ. राजेश पासवान, को गिरफ्तार कर डीजे को जब्त किया गया। वहीं कार्रवाई का विरोध कर रहे लोगों पर भी वैधानिक कार्रवाई की गई।

1-may-Ambikapur-bhoomipg-2_Layout 1 5/1/2025 10:10 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### युक्तियुक्तकरण के लिए बैठक आज

**मनेन्द्रगढ़।** शिक्षकों एवं विद्यालयों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए कलेक्टर डी. राहुल वेंकट की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया जाना है। बैठक 2 मई को शाम 5 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न होगी।

### हैंडपंपों के सुधार में जुटा पीएचई

**मनेन्द्रगढ़।** गर्मियों की तेज धूप और पानी की बढ़ती मांग के बीच लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति बनाए रखने के लिए मरम्मत योग्य हैंडपंपों के संधारण और सुधार का कार्य तेज कर दिया है। जिले के विभिन्न गांवों में खराब और बंद हैंडपंपों की मरम्मत कर ग्रामीणों को राहत पहुंचाई जा रही है। इसीक्रम में विकासखंड खड़गवां के ग्राम ठग्गांव में विभाग के कर्मचारियों द्वारा एक हैंडपंप की मरम्मत कर उसे पुनः चालू किया गया। मरम्मत कार्य के पूरा होते ही गांव वासियों को तत्काल जल सुविधा मिलने लगी।

### नगरीय निकाय में लगेंगे समाधान शिविर

**बैकुण्ठपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छग सरकार द्वारा प्रदेश में पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सुशासन तिहार 2025 का सफल आयोजन किया जा रहा है। इस तिहार के प्रथम चरण 8 से 11 अप्रैल में प्राप्त आवेदनों के द्वितीय चरण में गुणवत्तापूर्ण निराकरण के पश्चात अब तृतीय चरण में नगरीय निकाय, नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर, शिवपुर-चरचा तथा नगर पंचायत पटना में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। मिली जानकारी के मुताबिक पटना नगर पंचायत के मिनी स्टेडियम में 8 मई को, नगर पालिका परिषद शिवपुर-चरचा के सामुदायिक भवन वार्ड क्रमांक 6 में 15 मई को तथा बैकुंठपुर नगर पालिका परिषद के मानस भवन में 22 मई को समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इन शिविर के लिए नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के लिए संजय दुबे, नगर पालिका परिषद शिवपुर-चरचा के लिए वशिष्ठ कुमार ओझा तथा नगर पंचायत पटना के लिए सिकंदर सिदार को सहायक नोडल अधिकारी व शिविर प्रभारी बनाया गया है।

### श्रमिकों को मिल रहा सम्मान और भोजन

**मनेन्द्रगढ़।** नगर पालिका परिषद परिसर सब्जी मंडी के पास, मनेन्द्रगढ़ में 29 मार्च को शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न सहायता योजना के तहत श्रमिकों के लिए संचालित कैंटीन की शुरूआत की गई थी। अब एक महीने बाद यह योजना श्रमिकों के बीच आशा और संतोष का प्रतीक बन चुका है। इस योजना के अंतर्गत प्रतिदिन 250 से 300 श्रमिकों को मात्र 5 रूपए में गरम, स्वच्छ और पौष्टिक भोजन प्रदान किया जा रहा है। भोजन में दाल, चावल, ताजी सब्जी, पापड़, मठ्ठा और अचार शामिल होता है। अब तक 8000 से अधिक श्रमिक इस योजना से लाभान्वित हो चुके हैं।

### अमृत धारा डीपीआरसी भवन में समय-सीमा की बैठक

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट की अध्यक्षता में जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल अमृतधारा जलप्रपात के पास स्थित डीपीआरसी (जिला पंचायत संसाधन केन्द्र) भवन में समय-सीमा की बैठक का आयोजन किया गया। पर्यटन स्थल को विकसित करने के उद्देश्य से यहां बैठक का आयोजन किया गया था। कलेक्टर ने बैठक में सुशासन तिहार के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए मनेन्द्रगढ़-भरतपुर और खड़गवां के एसडीएम एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विभाग को संयुक्त दौरा कर सभी हेलीपैड और ग्राउंड की जानकारी एकत्रित करने के निर्देश दिए। संबंधित जनपद के सीईओ वहां के नोडल अधिकारी होंगे। इसके साथ ही हेलीपैड और ग्राउंड के आसपास की पांच-छह पंचायतों की जानकारी प्रस्तुत करने को कहा। कलेक्टर ने सुशासन तिहार के तीसरे चरण के लिए जिले में की जा रही तैयारियों की भी समीक्षा की। सुशासन तिहार के तीसरे चरण में 5 मई से जिले में समाधान शिविरों का आयोजन शुरू हो जाएगा।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल चरचा में घोषित किए गए परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी



स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालय चरचा में 30 अप्रैल को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। पहली कक्षा से लेकर बारहवीं कक्षा तक के छात्र-छात्राओं को परीक्षा प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

इस अवसर पर नगर पालिका शिवपुर चरचा के अध्यक्ष अरूण जायसवाल, उपाध्यक्ष राजेश सिंह, मंडल अध्यक्ष दीपा विश्वकर्मा, पार्षद संजय देवांगन, कुंडल साय, लाल मोहम्मद, प्रकाश शर्मा, आदित्य जायसवाल, मनीष गुप्ता, रामाधार सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राओं के अभिभावक उपस्थित रहे। समारोह में विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह अवसर छात्रों के लिए प्रेरणास्पद रहा, जहां उन्हें उनकी मेहनत और समर्पण का प्रतिफल मिला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल ने कहा कि परीक्षा परिणाम विद्यार्थियों की निष्ठा और परिश्रम का परिचायक है। उन्होंने सभी छात्रों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और आगे भी निरंतर प्रयास करते रहने की सलाह दी। उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि छात्रों की उपलब्धियों पर पूरे शहर को गर्व है। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करना ही युवाओं का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। समारोह में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, समस्त स्टाफ, छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावकगण काफी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल परीक्षा परिणाम प्रदान करना था, बल्कि छात्रों को उनके आत्मविश्वास को मजबूत कर भविष्य की दिशा में प्रेरित करना भी था।

## आठवीं में पूजा ने लाए 91 प्रतिशत अंक



**बैकुण्ठपुर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय मनेन्द्रगढ़ में अध्ययनरत छात्रा कुमार पूजा ठाकुर पिता अनिल ठाकुर ने कक्षा आठवीं की परीक्षा में 91:8 प्रतिशत अंक लाकर ए प्लस ग्रेड से उत्तीर्ण किया। छात्रा की इस सफलता पर परिजन के साथ शुभचिंतकों ने उज्जवल भविष्य की कामना की। कुमारी पूजा के पिता ग्राम पंचायत चैनपुर के सचिव है।

## पीएम श्री प्राथमिक शाला चरचा में मेधावी छात्रों सम्मान



**चरचा कॉलरी।** पीएम श्री प्राथमिक शाला, चरचा में बुधवार को अंकसूची वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल, उपाध्यक्ष राजेश सिंह, वार्ड पार्षद कुंडल साय, मंडल अध्यक्ष दीपा विश्वकर्मा, अभिभावकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अमरनाथ सिंह ने किया।

कक्षा 1 से 5 तक के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। कक्षा 5 में जास्मिन प्रथम, योगेश द्वितीय और यशवंत कुमार तृतीय स्थान पर रहे। अन्य कक्षाओं में भी अव्वल छात्रों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर पुरस्कार भी चयनित छात्रों को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्रधान पाठिका श्रीमती सीमा मिश्रा और अन्य शिक्षकों की अहम भूमिका रही। उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि अरूण जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि पीएम श्री स्कूल के छात्र मेहनती और होनहार हैं, जिन पर पूरे नगर को गर्व है। उन्होंने छात्रों से लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और सतत प्रयास करने का आह्वान किया। नपा उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि छात्रों की ये उपलब्धियां उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मसंतुष्ट न होकर निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। मंडल अध्यक्ष दीपा विश्वकर्मा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करना ही छात्रों का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने सभी छात्रों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## स्वामी आत्मानंद केल्हारी का परिणाम घोषित



**मनेन्द्रगढ़।** स्वामी आत्मानंद इंग्लिश एवं हिंदी माध्यम विद्यालय केल्हारी में सत्र 2024-25 के वार्षिक परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कक्षा 1, 4, 6, 9 एवं 11 वीं के परीक्षा परिणामों की घोषणा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पिताम्बर गुप्ता ने की। दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती व छग महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के प्राचार्य रामचंद्र नामदेव ने परीक्षा परिणामों की घोषणा की। इंग्लिश माध्यम की कक्षाओं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जो विद्यालय की शिक्षा गुणवत्ता को दशार्ता है। हिंदी माध्यम की कुछ कक्षाओं में अपेक्षित परिणाम न आने पर विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन एवं सुधार के उपाय भी सुझाए गए। पिताम्बर गुप्ता ने सफल छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निरंतर परिश्रम, आत्मविश्वास और अनुशासन के साथ विद्यार्थी अपने भविष्य को उज्जवल बनाएं।

## हायर सेकेण्डरी स्कूल सोनहत में घोषित



**सोनहत।** हायर सेकेंडरी स्कूल सोनहत में 30 अप्रैल को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर मुख्यालय ग्राम पंचायत के उप सरपंच राजेश गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में एवं नीता राकेश तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संस्था के प्राचार्य देवदत्त सिंह की अगुवाई में आयोजित इस भव्य समारोह में कक्षा 9 वीं और 11 वीं के छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। मुख्य अतिथि श्री गुप्ता ने छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं तथा प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से उन्हें निरंतर अध्ययन कर सफलता की राह पर अग्रसर रहने का संदेश दिया। विशिष्ट अतिथि नीता राकेश तिवारी ने भी विद्यार्थियों को मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य देवदत्त सिंह ने सफल छात्रों को बधाई देते हुए आगामी कक्षाओं के लिए अभी से तैयारी करने की सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका श्रीमती श्वेता शर्मा ने किया। समारोह में ग्राम शिक्षा समिति के पदाधिकारी, स्कूल के समस्त शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं और अभिभावकगण उपस्थित रहे।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित



**बैकुण्ठपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जमगहना में 30 अप्रैल को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन कर कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य पूरन चंद यादव ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेहनत, अनुशासन एवं निरंतर अभ्यास ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे आगे की कक्षाओं में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहें और क्षेत्र व विद्यालय का नाम रोशन करें। समारोह में सभी शिक्षक, पालक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मनोज कमरो सहित अन्य शिक्षकों द्वारा किया गया।

## सेवानिवृत्त कर्मचारी को दी गई विदाई



**मनेन्द्रगढ़।** शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में कार्यरत प्रयोगशाला तकनीशियन रामखेलावन गुप्ता 30 अप्रैल को अपनी सेवा अवधि पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्राबनी चक्रवर्ती ने श्री गुप्ता को श्रीफल, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके समर्पित सेवा कार्यों के लिए सम्मानित किया। डॉ. चक्रवर्ती ने श्री गुप्ता के अनुशासित, निष्ठावान एवं सहयोगी स्वभाव की सराहना की और कहा कि उनका सेवाकाल महाविद्यालय परिवार के लिए सदैव प्रेरणा स्त्रोत बना रहेगा। इस अवसर पर उपस्थित समस्त प्राध्यापकगण, अतिथि व्याख्याता एवं कर्मचारियों ने श्री गुप्ता के साथ अपने अनुभव साझा किए और उन्हें उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# विश्व श्रमिक दिवस पर दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में आयोजन



**मनेन्द्रगढ़।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में विश्व श्रमिक दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और सम्मान के साथ मनाया गया। विद्यालय परिवार ने इस विशेष अवसर पर अधीनस्थ कर्मचारियों के प्रति सम्मान और आभार प्रकट करते हुए एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया।

कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय में कार्यरत सभी कर्मचारियों के ससम्मान स्वागत से हुई, जहां उन्हें तिलक लगाकर मंच पर आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की निदेशिका श्रीमती पूनम सिंह एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके कार्यों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। शिक्षकों ने अपने उद्बोधन में कहा कि आप हैं तो हम हैं, यह विद्यालय है। आपकी मेहनत हर ईंट में बसी है। आपके योगदान को शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। इस अवसर पर विद्यालय में रंगारंग कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति हुई। समारोह के अंत में सभी को स्वल्पाहार वितरित किया गया और एक सुमधुर आभार गीत के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## कैशियर को दी गई भावभीनी विदाई



**डोमनहिल।** वेस्ट चिरमिरी कॉलरी स्थित सेंट्रल बैंक शाखा में पदस्थ वरिष्ठ कैशियर भगवान दास मरावी की सेवानिवृत्ति पर गोदरीपारा स्थित संगत भवन में भव्य विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में क्षेत्र के विभिन्न सेंट्रल बैंक शाखाओं के शाखा प्रबंधक, अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कर रहे शाखा प्रबंधक रणधीर कुमार ने कहा कि भगवान दास मरावी ने अपने 33 वर्षों के बैंकिंग सेवाकाल में अनुकरणीय सेवा प्रदान की। उन्होंने कहा कि बैंकिंग जीवन में कार्यकाल पूरा कर सम्मानपूर्वक सेवानिवृत्त होना एक सौभाग्य की बात है। शाखा प्रबंधक सुभाष कुमार ने कहा कि अब आप सेवा से निवृत्त होकर अपने समय को परिवार और समाज को समर्पित करेंगे। मैं आपके स्वस्थ और दीर्घ जीवन की कामना करता हूं।

# साइकिल रैली निकाल पर्यावरण और जल संरक्षण का दिया संदेश



**बैकुण्ठपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की स्थापना के 75 वें हीरक जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में पर्यावरण एवं जल संरक्षण को लेकर एक जन-जागरूकता साइकिल रैली का आयोजन किया गया।

जिला मुख्य आयुक्त देवेन्द्र तिवारी एवं पदेन जिला आयुक्त स्काउट एवं जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित इस रैली की शुरूआत प्रातः 7:30 बजे खरवत बायपास चौक से हुई। रैली नगर के प्रमुख मार्गों कलेक्ट्रेट, जिला एवं सत्र न्यायालय, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, कुमार चौक से होती हुई बैकुंठपुर चौक तक पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। करीब 5 किमी लंबी इस रैली में सीनियर स्काउट्स, गाइड्स, स्काउटर्स एवं जिला संघ के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैनर, पोस्टर, तख्तियों, पाम्पलेट्स और साउंड सिस्टम से लैस यह रैली नगरवासियों को पर्यावरण और जल संरक्षण का संदेश देती रही। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पदेन जिला आयुक्त स्काउट जितेन्द्र कुमार गुप्ता, सहायक संचालक प्रकाश तिवारी, प्राचार्य विनय मोहन भट्ट, नायक महेश मिश्रा, जिला सचिव सुरेन्द्र कुमार, कोषाध्यक्ष रवि कुमार पाण्डेय, जिला संगठन आयुक्त नागेश्वर साहू आदि शामिल रहे।

## ग्रामीण महिलाएं जैविक खेती से बनीं आत्मनिर्भर

**सोनहत।** जिले के सोनहत विकासखंड के इस छोटे से गांव की 20 महिलाएं आज जैविक खेती के माध्यम से आत्मनिर्भरता की मिसाल बन चुकी हैं। स्व-सहायता समूह की इन महिलाओं ने उद्यानिकी विभाग और जिला प्रशासन के सहयोग से 50-50 डिसमिल भूमि पर लौकी, करेला और एक-एक एकड़ में मिर्ची और टमाटर की जैविक खेती कर रहे हैं। बिना किसी रासायनिक खाद और कीटनाशक के उगाई गई ये फसलें न सिर्फ पर्यावरण केअनुकूल हैं, बल्कि स्वाद और पोषण में भी बेहतरीन हैं। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में यह प्रयास शुरू हुआ। उन्होंने विगत दिनों स्वयं खेतों का निरीक्षण किया था और महिलाओं की सराहना करते हुए कहा कि जैविक खेती महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर है।

## बेलबहरा में विश्व पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम



**मनेन्द्रगढ़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलबहरा में 22 से 28 अप्रैल तक विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न जागरूकता व रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण के प्रति छात्रों व समुदाय को जागरूक करने के उद्देश्य से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरूआत 22 अप्रैल को प्रार्थना सभा के साथ हुई। इसमें विश्व पृथ्वी दिवस का महत्व समझाया गया। 24 अप्रैल को पर्यावरण जागरूकता के लिए सब थीम सेव एनर्जी पर पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। 26 अप्रैल को इको क्लब बोर्ड की पर्यावरणीय मुद्दों को दृष्टिगत रखते हुए सजावट की गई तथा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता व पौधरोपण संबंधी गतिविधियां आयोजित की गईं, इसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 28 अप्रैल को पर्यावरण जागरूकता रैली का सफल आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने गांव में जाकर पर्यावरण संरक्षण के नारे लगाए।

इस रैली में संस्था प्राचार्य बलराज पाल एवं व्याख्याता माता प्रसाद द्विवेदी, कमलेश कुमार पांडे, अश्वनी कुमार दुबे, सुधा शुक्ला, सुषमा टोप्पो, निर्मला अग्रवाल, दादूराम सिंह राठौड़, नित्यानंद द्विवेदी गोपाल सिंह, जयंत देवांगन, माया वर्मा, श्रीमती मंजू बघेल, शोभा जायसवाल, नेहा सिंह सहित सभी व्याख्यातागण रैली में उत्साह पूर्ण भागीदारी रही। कार्यक्रम की सफलता में इको क्लब प्रभारी श्रीमती सुनीता मिश्रा की सक्रिय भागीदारी रही।

### आवेदनों के त्वरित निराकरण पर विशेष जोर

# प्रभारी सचिव पहुंचे कोरिया, सुशासन तिहार की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर




बैठक लेते प्रभारी सचिव एस प्रकाश।



उपस्थित अधिकारी।

जिला प्रभारी सचिव एस. प्रकाश गुरूवार को एक दिवसीय प्रवास पर कोरिया जिले पहुंचे।

उन्होंने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों के साथ बैठक कर सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों एवं विभागीय कार्यों की गहन समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आमजन द्वारा किए गए प्रत्येक आवेदन महत्वपूर्ण हैं, इन्हें गंभीरता से लेते हुए बारीकी से परीक्षण करें और समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि समाधान शिविरों में आवेदनों का निराकरण मौके पर ही किया जाए और आवेदकों को उनकी समस्या के समाधान की जानकारी दी जाए, जिससे शासन की पारदर्शी कार्य प्रणाली धरातल पर दिखाई दे। श्री प्रकाश ने अधिकारियों को मुख्यमंत्री के निर्देशों की भावना अनुसार कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, पेयजल व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, शिक्षा और राशन जैसी बुनियादी समस्याओं के निराकरण के लिए स्थलीय निरीक्षण कर वस्तुस्थिति जानने और त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि, लोक निर्माण, उद्यानिकी, स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा, बिहान, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा आदि विभागों में चल रहे कार्यों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि यदि किसी समस्या का समाधान जिला स्तर पर संभव न हो, तो शासन को प्रस्ताव भेजा जाए। बैठक में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी। उन्होंने सचिव को आश्वस्त किया कि सभी दिशा-निर्देशों का पालन किया जाएगा और सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। कलेक्टर ने बताया कि 5 से 31 मई तक जिले की चिन्हित 14 ग्राम पंचायतों में क्लस्टरवार समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों की आमजन को सूचना देने के लिए मुनादी व दीवार लेखन के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। बैठक में अपर कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कार्यालय प्रमुख मौजूद रहे।

## 4 रेत वाहन समेत 1 गिट्टी का वाहन जब्त



**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर के निर्देश पर जिला खनिज उड़नदस्ता दल जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वारा जिले में लगातार छापामार कार्रवाई की जा रही है।

इसी कड़ी में चैनपुर, चिमटीमार क्षेत्र के हसदेव नदी से 4 ट्रैक्टर वाहन एवं 1 गिट्टी के ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। सभी वाहनों को सुरक्षार्थ कलेक्ट्रेट परिसर में खड़ा किया गया है। सभी वाहनों के विरूद्ध खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 में कार्रवाई की गई है। विदित हो कि जिले में खनिज विभाग द्वारा लगातार क्षेत्र भ्रमण कर अवैध उत्खनन, परिवहन, भंडारण कर्ताओं के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।

खनिज विभाग द्वारा इस वित्तीय वर्ष जिले के चिरमिरी, पोड़ी, नागपुर, चौघड़ा, चनवारीडांड़, झगराखाण्ड़ क्षेत्र के अवैध ईंट भट्टो से अवैध उत्खनन के प्रकरण दर्ज कर कुल 477000 रूपए एवं मिट्टी ईंट के अवैध परिवहन से 75250 रूपए अर्थदंड एवं समझौता की राशि निर्धारित खनिज मद में जमा कराया गया है। खनिज अधिकारी दयानंद तिग्गा ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष भी हम प्राप्त राजस्व लक्ष्य के पूर्ति के लिए लगातार प्रयासरत है।

## खबर संक्षेप



### नपा उपाध्यक्ष ने मंत्री नेताम से मिल कर की मटन मार्केट की मांग

**प्रतापपुर।** नगर पंचायत में लंबे समय से वार्ड क्रमांक एक स्थित मटन, मुर्गा एवं मछली मार्केट में शेड निर्माण, दुकान निर्माण के संबंध में नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजीत शरण सिंह ने मंत्री रामविचार नेताम मुलाकात की स्वीकृत कराने की मांग। उन्होंने बताया गया कि नगर पंचायत प्रतापपुर में मटन, मुर्गा एवं मछली मार्केट जो खुले जगह पर संचालित है। नवीन बस स्टैंड के समीप स्थित मार्केट में गंदगी तथा कई अन्य समस्या उत्पन्न हो रही है। ऐसी स्थिति को देखते हुए वहां पर शेड निर्माण, सीसी रोड तथा पेय जल का व्यवस्था आवश्यक है। जिस पर मंत्री रामविचार नेताम ने मंडी बोर्ड निधि से उपरोक्त कार्य की स्वीकृत करने की बात कही। मंत्री रामविचार नेताम ने कहां की करोड़ों की सौगात के लिए मंडी बोर्ड परीक्षण कर प्रस्ताव भेजें। जिस पर विभाग के अधिकारियों ने भी उक्त स्थान का अवलोकन कर नगर पंचायत प्रतापपुर द्वारा प्रस्ताव भेजा है। इस पर जल्द ही सुकृति होने की बात कही जा रही है। श्री नेताम ने कहा कि प्रतापपुर के विकास के लिए जो भी संभव होगा उसे पूरा करने का प्रयास करेंगे और विकास की धाराओं में जोड़ते हुए नगर को और भी विकसित करने में प्रयास करेंगे। इस दौरान नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजीत शरण सिंह, जिला उपाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा थाओला राम आयाम, जिला कार्यकारिणी सदस्य नवीन जायसवाल सोनू सहित अन्य उपस्थित थे।

### वॉलीबाल में लखनपुर की टीम ने मारी बाजी



**रजपुरीकला।** लखनपुर में आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता सीजन 3 का फाइनल मुकाबला लखनपुर व सराय टिकरा के मध्य खेला गया। 5 सेट तक चला रोमांचक मुकाबला में लखनपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच जीत प्रतियोगिता अपने नाम की। लखनपुर में वॉलीबॉल प्रतियोगिता सीजन तीन का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 14 टीमों ने हिस्सा लिया। बेहतरीन खेल कर प्रदर्शन करते हुए सराय टिकरा, लखनपुर, मोतीपुर, देवी टिकरा की टीम ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। वही सेमी फाइनल मैच में विरोधी टीम को पराजित कर लखनपुर व सरायटिकरा की टीम के मध्य गत दिन फाइनल मुकाबला खेल गया। 5 सेट तक चले मुकाबला में लखनपुर की टीम ने मैच जीतकर प्रतियोगिता अपने नाम की। मुख्य अतिथि विधायक राजेश अग्रवाल ने विजेता टीम को नगद 6 हजार एवं शील्ड तथा उपविजेता टीम को 3 हजार नगद व शील्ड देकर सम्मानित किया। उन्होंने क्षेत्र में खेलों को बढ़ावा देने के लिए हर संभव समर्थन का आश्वासन दिया। इस दौरान सज्जन सिंह, नरेंद्र पांडे, राकेश साहू, जनपद उपाध्यक्ष कामेश्वर रजवाड़े, रणविजय सिंहदेव, अनिल सिंह, महेश्वर रजवाड़े, सीएमओ विद्यासागर चौधरी, अमित बारी, संजय गुप्ता, सौरभ अग्रवाल सहित अन्य मौजूद रहे।

## नीलगिरी, जामुन सहित अन्य प्रजातियों के काट रहे पेड़

# लखनपुर-उदयपुर क्षेत्र में सक्रिय लकड़ी तस्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजपुरीकला

इन दिनों लखनपुर, उदयपुर क्षेत्र में बगैर अनुमति बड़ी संख्या में नीलगिरी के साथ जामुन एवं अन्य प्रजातियों के पेड़ों का काटा जा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि शिकायत के बाद भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से लकड़ी तस्करों के हौसले बुलंद है। ऐसे में बड़ी संख्या में इमारती लकड़ी आसपास के क्षेत्र सहित दूसरे राज्यों में खपाया जा रहा है। हालांकि वन विभाग व पुलिस द्वारा पूर्व में अवैध लकड़ी तस्करी के मामले में कार्रवाई की थी लेकिन अब एक बार फिर क्षेत्र में लकड़ी तस्कर सक्रिय हो गए है।

**खास बात**
- शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

क्षेत्र स्थित जंगलों से लम्बे समय से लकड़ी की तस्करी की जा रही है जो आज भी जारी है। तस्कर इतने शातिर है कि खुद तो सामने कम आते है परंतु गांव के लोगों को मोटी राशि कमाने का झांसा देकर काम पर लगा देते है। जंगल में पेड़ों की अवैध कटाई पर वन विभाग की टीम ने कुछ हद तक तो अंकुश लगाया है लेकिन लकड़ी तस्कर अब ग्रामीणों द्वारा लगाए गए उनके बाड़ी व खेत के नीलगिरी पेड़ के अलावा जामुन सहित अन्य प्रजातियों की कीमती पेड़ पर पड़ गई है जो चंद रुपए देकर पेड़ कटाई कर औने-पौने दाम पर बेच देते है। कुछ इस तरह की स्थिति लखनपुर, उदयपुर परिक्षेत्र की है जहां नीलगिरी की कटाई भारी मात्राओं में किया जा रहा है। इस पर लगाम लगाए जाने हेतु विगत दिन लखनपुर के कुछ लोगों ने लखनपुर थाने में शिकायत कर जांच उपरांत उचित कार्यवाही करने की मांग की थी। लखनपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत झाबर लटोरी सहित अन्य क्षेत्रों में विगत दिन बिहार से आए एक ट्रक में भरकर भारी मात्रा में जामुन के पेड़ काटकर परिवहन किया गया। ग्रामीणों द्वारा जब उनके पास पेड़ काटे जाने हेतु परमिशन एवं दस्तावेज की मांग की गई तो उनके द्वारा किसी प्रकार की कोई जानकारी प्रस्तुत नहीं कर सके। जिस पर प्रशासनिक अधिकारियों को जानकारी दी गई परंतु किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई। इधर रात 12 बजे जब ग्रामीण सो गए गतो चालक ट्रक लकड़ी लोड कर फरार हो गया। पेड़ों की अवैध कटाई व किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।



काटे गए जामुन पेड़।

### दूसरे राज्यों में खपा रहे लकड़ी

जिले से लकड़ी तस्कर बड़ी संख्या में दूसरे राज्यों में पेड़ों को बिना अनुमति काटकर तस्करी कर रहे हैं। इस कार्य को कुछ स्थानीय लोग भी शामिल है। लकड़ी तस्कर द्वारा शासकीय एवं निजी भूमि में लगे हरे-भरे बड़े-बड़े यूकेलिप्टिस के अलावा जामुन व अन्य प्रजाति के पेड़ों को प्रशासन के बिना अनुमति काट कर ले जाते है।

### हर दिन कर रहे लकड़ी परिवहन

सूत्रों के अनुसार लकड़ी तस्कर हर दिन ट्रक से इमारती एवं गैर इमारती प्रजाति की लकड़ी को आसपास क्षेत्र ले जाते है। वन विभाग ने लकड़ी के अवैध परिवहन पर रोक लगाने जगह-जगह जांच चौकी है। लेकिन कहीं भी अवैध लकड़ी परिवहन करने वाले ट्रकों की जांच नहीं होती। तस्कर विभाग की इस छूट का फायदा उठाकर राजस्व एवं वन भूमि पर लगे इमारती लकड़ी की भी कटाई व परिवहन कर रहें है।

### की जाएगी कार्रवाई

बिना अनुमति जामुन सहित अन्य प्रजाति के पेड़ों का काटा जा रहा है तो इसकी जांच कराई जाएगी। जांच उपरांत दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।
-बन सिंह नेताम, अनुविभागीय अधिकारी

### नाबालिग का अपरहण, आरोपी गिरफ्तार

**राजपुर।** नाबालिग के अपरहण व दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। डवरा चौकी पुलिस से मिली जानकारी 27 अप्रैल को ग्रामीण ने चौकी में आकर शिकायत दर्ज कराई थी कि वह गांव में काम करने गया हुआ था और घर पर उसकी पत्नी, पुत्र और नाबालिग बेटी थे। शाम को 7 बजे जब वह काम करके घर लौटा तो पत्नी ने बताया कि नाबालिग बेटी घर में नहीं है। खोजबीन के बाद परिजन ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। इस दौरान मुखबिर से मिली सूचना के बाद पुलिस द्वारा सूरजपुर जिले के चंदौरा क्षेत्र से नाबालिग को बरामद करने के साथ ही आरोपी चंदौरा निवासी प्रेम उर्फ शीतल पनिका आ. धनसाय को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 137(2), 64 (2) (ड). 65 व पॉक्सो एक्ट की धारा 4,6 के तहत कार्रवाई की है।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. /ब-121/2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कमल राय आ. स्व. विवेकानंद राय निवासी ग्राम सुभाषनगर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की पुर्नवास से प्राप्त पट्टे की भूमि ग्राम सुभाषनगर स्थित खसरा नंबर 279/5 रकबा 0.210 हे. भूमि में से रकबा 5.66 डिसमिल भूमि को अनावेदक रीना जायसवाल पति हरिशरण जायसवाल निवासी केनाबांध अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के पास अंकन राशि रूपये 19,00,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एंव प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 07.05.2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांकः- 03/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**अम्बिकापुर, सरगुजा**

**न्यायालय तहसीलदार शंकरगढ जिला बलरामपुर रा.गंज (छ.ग.)**
रा.मा.क्र.-202408270400028/ब-121/2024-25
ग्राम- जमडी प.ह.नं.- तह. शंकरगढ

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम जमडी प.ह.नं.- तहसीलदार शंकरगढ जिला बलरामपुर रा.गंज को सूचित किया जाता है कि न्यायालय कलेक्टर बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.) का पत्र पृ. क्रमांक/1396/ वाचक/कले./2024 बलरामपुर दिनांक 23/08/2024 के अनुसार न्यायालय कलेक्टर बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.) के द्वारा आवेदिका श्रीमती शिप्रा सिन्हा पति स्व. राजेन्द्र कुमार सिन्हा निवासी ग्राम मानपुर तहसील शंकरगढ, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.) द्वारा ग्राम जमडी में स्थित भूमि खसरा नं.-566/2 रकबा- 0.121 हे. भूमि को व्यपवर्तित भूमि को विक्रय किये जाने हेतु अनुमति चाही गई है। जो न्यायालय में विचाराधीन है।

उपरोक्त भूमि में बेचे जाने हेतु उज्जर आपत्ति या दावा हो या हितबद्ध पक्षकार हो तो वह स्वंय, अथवा वैध अभिकर्ता अथवा अभिभाषक के दिनांक- 16/05/2025 को न्यायालयीन समय में दावा या आपत्ति हो तो पेश कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक- 01/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**शंकरगढ़**
**जिला बलरामपुर-रा.गंज (छ.ग.)**

# धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

नगर में भगवान श्री परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर नगर के परशुराम भगत में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। बुधवार को भगवान श्री परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर सर्व प्रथम नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। पूर्व अध्यक्ष अनिल दुबे ने अपनी निजी कारणों से नए कार्यकारणी पर विचार करने का प्रस्ताव रखा जिसमें ब्लॉक कार्यकारिणी के संरक्षकों द्वारा आपसी चर्चा कर सर्व सम्मति से संतोष कुमार पाण्डेय को नए अध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी गई साथ ही जिला सर्व ब्राह्मण सभा के जिला अध्यक्ष डॉ. बीएन द्विवेदी एवं जिला संरक्षक राजेंद्र तिवारी द्वारा प्रभात रंजन त्रिपाठी राजन को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेवारी दी गई जिसका उपस्थित सभी विप्र समाज ने समर्थन किया। इसके पूर्व समाज के लोगों द्वारा भगवान श्री परशुराम की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। पूजा का संचालन पंडित विराट राज तिवारी एवं पंडित पंकज मिश्रा द्वारा सम्पन्न कराया गया। इस दौरान राजेंद्र दुबे, नरेंद्र शुक्ला, रमाकांत पांडेय, अनिल तिवारी, सत्येंद्र पाण्डेय, डॉ एएन द्विवेदी, जिला सचिव उमेश झा, आनंद पाण्डेय, अभय नारायण, मानू चौबे, राजा मिश्रा,नीरू शर्मा, विद्यानंद दुबे, अनूप दुबे, आकाश दुबे, ऋषभ देवज़ आजाद तिवारी, लाला पंडित, सहित महिला समिति से श्रीमती गीता पांडे, माला तिवारी, सुषमा पाण्डेय, विमला पाण्डेय, ममता दुबे सहित सभी विप्र उपस्थित रहे।

### नगर में धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

**प्रतापपुर।** भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर नगर में बड़े ही धूमधाम से विशेष आयोजन किया गया। इस अवसर पर विप्र समाज के बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए और भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना, आरती और चालीसा पाठ के साथ क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। पंडित सुरेंद्र नाथ तिवारी ने भगवान परशुराम के जीवन को त्याग, तपस्या और न्याय का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान पीढ़ी को परशुराम के आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाना चाहिए। वहीं कार्यक्रम को प्रेम सिंधु मिश्रा, अनुजेश्वर पांडेय, अक्षय तिवारी, वीरेंद्र पांडे, नरेंद्र तिवारी, राकेश मोहन मिश्रा, संत विलास मिश्रा, कौशल दुबे एवं पंडित कृपालनाथ तिवारी समेत अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। सभी ने भगवान परशुराम के जीवन दर्शन और उनके दिखाए मार्ग का अनुसरण करते हुए साहसी, ज्ञानी और धर्म परायण बनने का संदेश दिया। इस अवसर पर सभी ने एक स्वर में पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और बेगुनाह पर्यटकों की हत्या पर गहरा शोक व्यक्त किया। साथ ही भगवान से आतंकवाद के संपूर्ण विनाश और दोषियों को कठोर दंड दिलाने की प्रार्थना की गई। इस दौरान पंडित सीताराम दुबे, वीरेंद्र कुमार पांडेय, जितेन्द्र दुबे, राजेंद्र प्रसाद दुबे, मोहन पांडेय,कृष्ण मुरारी शुक्ला, वासुदेव पांडे, ओम प्रकाश मिश्रा, सतीश चौबे, नीरज तिवारी, राहुल तिवारी, चंदन मिश्रा, प्रवीण चौबे, गुलाब मोहन तिवारी, आनन्द शुक्ला व अन्य उपस्थित रहे।





## सांसद चिंतामणि महाराज ने किया सामुदायिक भवन का शिलान्यास

**कुसमी।** सांसद चिंतामणि महाराज द्वारा लंबे समय से लोगों की मांग पर अपने मद से 30 लाख रुपए की राशि की स्वीकृति दी तथा सामुदायिक भवन का शिलान्यास किया।

शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि सांसद चिंतामणि महाराज सहित नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र भगत, एसडीएम करुण डहरिया, नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र भगत ने कहा गया कि कुसमी में सिविल कोर्ट की बहुत ही आवश्यकता थी। आए दिन न्यायालय के मामले में बहुत दिन से राजपुर में सिविल कोर्ट में कुसमी के दूरस्थ क्षेत्र के लोगों को जाना पड़ता था। ऐसे में कोर्ट के कामकाज में देरी होने से दूरस्थ अंचल के लोग राजपुर जाकर एक ही दिन में अपने घर में नहीं पहुंच पाते थे। कुसमी में एक सिविल कोर्ट की अत्यंत आवश्यकता थी। कुसमी में सिविल कोर्ट खुल जाने से कुसमी से दूरस्थ आदिवासी अंचल के लोग अब कोर्ट में एक ही दिन में न्यायालय का कार्य कराने के पश्चात समयानुसार अपने घर पहुंच सकेंगे। इस दौरान राजेंद्र भगत, अरविंद विश्वकर्मा, ललित यादव, कालिदास राम, शशि टोप्पो, राकेश भारती, विजय गुप्ता, विनोद गुप्ता, बालेश्वर राम, नितेश तिवारी, दिलीप गुप्ता, श्रवण दुबे, बसंत राम, इंद्रदेव नाग, मो. इरशाद सहित अन्य मौजूद रहे।

### बुलेट की टक्कर से स्कूटी सवार घायल

**अम्बिकापुर।** गांधी चौक आईटीआई कॉलोनी समीप निवासी जानम खान आ. रशीद मोहम्मद (28 वर्ष) गत दिन बहन गुलजान के साथ स्कूटी क्रमांक सीजी 15 डीवी 1985 से अयान मार्ग किसी काम के सिलसिले से जा रहे थे। जैसे ही स्कूटी सवार सदर रोड कदम्बी चौक के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे बुलेट चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में जानम खान घायल हो गया। घटना की रिपोर्ट जानम खान ने कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने बुलेट चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### वॉटरफॉल के पास से चोर ले उड़े बाइक

**अम्बिकापुर।** बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम पिरई निवासी अनिल टोप्पो आ. फर्दीनंद टोप्पो (26 वर्ष) सुभाष नगर कॉलोनी में रहता है। गत दिन बाइक क्रमांक सीजी 15 डीई 4713 से दरिमा क्षेत्र स्थित वॉटरफॉल स्नान करने गया था। युवक बाइक को वॉटरफॉल के समीप खड़ा कर स्नान करने चला गया। कुछ समय बाद वापस लौटा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट दरिमा थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।













































## खबर संक्षेप



### सेवानिवृत्ति एक स्वाभाविक प्रक्रिया, अच्छे काम को लोग रखते हैं याद : एसएसपी

**सूरजपुर।** पुलिस विभाग में पदस्थ रहे एएसआई रामजी राम भगत ने 39 वर्ष 1 माह तक लगातार अपनी सेवा देकर 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हुए। बुधवार को जिला पुलिस कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर समेत कई पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने कहा कि सेवानिवृति एक स्वाभाविक प्रक्रिया है जो सरकारी सेवा में है उन्हें एक न एक दिन सेवानिवृत होना ही है। उनके द्वारा अपने सेवा काल में किए गए कार्य ही उनकी पहचान है। उनके द्वारा किए गए कार्य से ही उनकी पहचान लंबे समय तक लोगों के जेहन में रहती है। उन्होंने सेवानिवृत हुए एएसआई के अच्छे स्वास्थ्य एवं लंबी उम्र की कामना की। इस मौके पर डीआईजी व एसएसपी ने सेवानिवृत हुए एएसआई को साल-श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया और पेंशन स्वीकृति सहित देय स्वत्वों का भुगतान के आदेश सौंपा। वहीं सेवा निवृत्त हुए एएसआई ने सेवा के अनुभव को साझा किया। इस दौरान एएसपी संतोष महतो, सीएसपी एसएस पैकरा, डीएसपी महालक्ष्मी कुलदीप, एसडीओपी अभिषेक पैकरा, डीएसपी अनूप एक्का, थाना प्रभारी सहित अन्य मौजूद रहे।

### बीएमएस नेता मजरूल हक अंसारी समेत 13 कोल कर्मी सेवानिवृत्त

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में कार्यरत 13 कोलकर्मी बुधवार 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो गए हैं।सेवानिवृत्त हुए कर्मियों में क्षेत्रीय मुख्यालय में कार्यरत सरस्वती प्रधान,जॉर्ज मैथ्यू,भैयालाल पटेल,अमेरा परियोजना में कार्यरत प्रेम शंकर,आमगांव खदान से शंभूनाथ पांडेय,गायत्री खदान से के.सी टोप्पो, कवल साय कुमदा सहक्षेत्र से मजरूल हक अंसारी,शिवकुमार शर्मा,बुधराम आरजीके सब एरिया से संदीप कुमार पॉल, रीजनल वर्कशॉप से ई. टोप्पो,प्रेम साय के नाम शामिल हैं।

### सुदामानगर में बदमाश ने दुकान में की आगजनी

**बिश्रामपुर।** ग्राम सुदामानगर में बीती रात अज्ञात बदमाशों द्वारा एक दुकान सह मकान में आग लगा दी गई। आगजनी की घटना में एक बड़ा घटना तो टल गया, लेकिन पीड़ित को हजारों रुपए के



आर्थिक नुकसान उठाना पड़ गया है। गौरतलब है कि करंजी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सुदामानगर निवासी 33 वर्षीय चुनेश चौधरी के घर एवं दुकान में बीती रात अज्ञात व्यक्ति द्वारा संदिग्ध रूप से आग लगा दी गई, जिससे हजारों रुपए के मूल्य का सामान जलकर राख हो गया। घटना बीती रात 1.30 से 2 बजे के बीच की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि पीड़ित चुनेश चौधरी अपने परिवार सहित अपनी दुकान सह घर में सोया हुआ था।अचानक दरवाजे के पास से जलने की गंध और दरवाजे पर जलती आग की आहट ने पीड़ित युवक उसे जगा दिया। जब वह बाहर निकला, तो देखा कि दुकान में आग लगी हुई है। उसने तुरंत शोर मचाया और चाचा गुलाब चौधरी के साथ मिलकर आग पर काबू पाया। आगजनी की घटना में दुकान का मेट, डिस्पोजल सामग्री प्लेट, कटोरी, दोना व अन्य सामान जलकर राख हो गए हैं।घटना के तुरंत बाद जब पीड़ित युवक ने आसपास का मुआयना किया, तो एक खाली जर्किन और माचिस जलने के स्थान के पास पड़ी हुई मिली।पीड़ित ने करंजी चौकी प्रभारी को लिखित शिकायत सौंपते हुए मामले की जांच और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि पीड़ित युवक का एक व्यक्ति से जमीन सम्बन्धी विवाद चल रहा है।

### समर एडवेंचर कैंप में बच्चों ने बढ़चढ़ कर लिया हिस्सा


**सूरजपुर।** साधु राम विद्या मंदिर में 36 माउंटेन टीम के सहयोग से साहसिक गतिविधियों से भरपूर समर एडवेंचर कैंप का आयोजन उत्साह और उमंग के



साथ किया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में प्रवेश गोयल, अनवर खान तथा पवन साहू सहित अन्य ने गुब्बारा छोड़कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिविर में छात्रों के लिए विभिन्न साहसिक गतिविधियां आयोजित की गई, जिनमें बच्चों ने पूरे जोश और आत्मविश्वास के साथ भाग लिया। जिसमें ज़िपलाइन, आर्टिफिशियल रॉक क्लाइम्बिंग, रैपलिंग, रोप वॉक, रिवर क्रॉसिंग, कमांडो नेट, कमांडो क्रॉल, स्लैकलाइन, मोगली वॉक, जुमरिंग, स्पाइडर नेट, ऑस्ट्रेलियन ट्रॉली, बर्मा ब्रिज, एयरगन शूटिंग, डार्ट बोर्ड, आर्चरी, ज़ॉर्बिंग रोलर, फन गेम्स और टीम बिल्डिंग गतिविधियां शामिल थे। अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस भी विद्यालय परिवार द्वारा हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के मेहनती सहायक कर्मचारियों को सम्मान किया गया। इस दौरान विद्यालय के निदेशक डॉ. राहुल अग्रवाल, एसएमसी समिति के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, प्राचार्य प्रभाकर उपाध्याय, दिन दयाल तिवारी सहित शिक्षक मौजूद रहे और बच्चों को प्रोत्साहित किया।

## विश्व श्रमिक दिवस पर कांग्रेस ने किया श्रमिकों का सम्मान

# कांग्रेस ने मजदूर हितों के लिए देश में लागू की अनेक योजनाएं : पाठक



कांग्रेस कार्यालय में श्रमिकों के साथ कांग्रेस पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

श्रमिक दिवस के अवसर पर 1 मई को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में श्रमिकों का सम्मान कर उन्हें उपहार दिया गया। इस दौरान देश की श्रम शक्ति के उत्थान में कांग्रेस के योगदान और जाति जनगणना की कांग्रेस की मांग पूरी होने से श्रमिक वर्ग के उत्थान पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव पर चर्चा की गई। इस दौरान कार्यक्रम में शामिल श्रमिकों से बात कर उनकी समस्याओं को भी जाना गया। श्रमिकों की ओर से सर्वाधिक प्रमुख मांग आयी उसमें असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए कार्य स्थल पर सुरक्षा के साथ ही पेंशन और बीमा को लेकर सरल योजनाओं की आवश्यकता को बतलाया गया।

**खास बात**

- मनरेगा को लकर केन्द्र सरकार पर साधा निशाना

गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि देश के श्रमिकों के हित मे कांग्रेस ने देश मे अनेक योजनाएं लागू की, जिससे संगठित और असंगठित सभी क्षेत्र के श्रमिकों को लाभ हुआ। विगत 11 वर्ष के कार्यकाल में मोदी सरकार श्रमिकों के हित में कोई कार्य नहीं कर पाई है। कांग्रेस के द्वारा लाई गई मनरेगा योजना को लगातार कमजोर किया जा रहा है। सरकार की पूंजीवादी नीति के कारण श्रमिकों के साथ ही देश के नौकरी पेशा मध्यम वर्ग की कमर टूट रही है जबकि पूंजीपतियों की आमदनी में दिन दूनी रात चौगुनी बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने संसद में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी का आभार जताते हुए कहा कि उनके मुहिम और दबाव में मोदी सरकार जातीय जनगणना कराने जा रही है। इसके आंकड़े आने पर सर्वाधिक फायदा श्रमिक वर्ग को होगा। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व केबिनेट मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि विगत 11 वर्ष के मोदीजी के कार्यकाल में श्रमिकों और कृषकों के हित की बात स्थगित हो गई है। आय की असमानता बढ़ी है। जातीय जनगणना की मांग पूरी होने पर उन्होंने राहुल गांधी का आभार जताया है। श्रम कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष व ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने सभा में मौजूद श्रमिकों को जानकारी दी कि कांग्रेस के कार्यकाल में किस प्रकार श्रमिकों के हिट की योजनाएं बनाई गई और उन्हें लागू किया गया। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद श्रमिकों को उन नियमों की जानकारी दी जिनके मदद से श्रमिक कार्यस्थल की सुरक्षा के साथ ही भावी जीवन को भी सुरक्षित कर सकते हैं। कार्यक्रम को अन्य कई वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस दौरान 20 सूत्रीय कार्यक्रम के पूर्व उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, हेमंत सिन्हा, मो इस्लाम, अरविंद सिंह गप्पू, दुर्गेश गुप्ता, अनिल सिंह, शफीक खान, रामविनय सिंह, मेराज गुड्डू, श्रीमती जे कुजूर, लालचंद यादव, अनूप मेहता, असफाक अली, जमील खान, जीवन यादव, रजनीश सिंह, आतिश शुक्ला, शिवप्रसाद अग्रहरि, दीपक मिश्रा, निखिल विश्वकर्मा, मो इमरान, परवेज़ आलम गांधी, रोशन कन्नौजिया, प्रशांत श्रीवास्तव, अमित वर्मा, आशीष शील, मनीष दुबे, शकीला सिद्दीकी आदि मौजूद थे।

### स्वच्छता कर्मियों को किया गया सम्मानित

**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत बिश्रामपुर द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम न केवल एक आयोजन था, बल्कि मेहनतकश हाथों के प्रति कृतज्ञता का उत्सव भी था।नगर पंचायत बिश्रामपुर के सभागार में हुए इस समारोह में नगर के स्वच्छता कर्मचारियों और स्वच्छता दीदियों को विशेष रूप से आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पार्षद रविशंकर बउवा ने किया। मंच पर नगर



पंचायत अध्यक्ष निर्मला यादव, उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, पूर्व नपं अध्यक्ष राजेश यादव, सीएमओ सुशील कुमार तिवारी पार्षद क्रमशः अमरेश प्रसाद, रंजीत यादव, रविंद्र विश्वकर्मा, विनोद सरवटे, संजीत यादव, पिंटू यादव, अर्चना लकड़ा, राजकुमार मौर्य, संतोष मिश्रा व अन्य उपस्थित थे। सभी स्वच्छता दीदी और कर्मचारी को सम्मान स्वरूप अंकवस्त्र भेंट किए गए।नगर पंचायत अध्यक्ष निर्मला यादव ने कहा कि शहर को सुंदर बनाए रखने में सबसे बड़ा योगदान इन्हीं हाथों का है। जो हाथ झाड़ू पकड़े रहते हैं, वही हाथ हमारे समाज की गरिमा बढ़ाते हैं। नगर पंचायत उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि जब हम त्यौहार मनाते हैं, तब भी ये दीदियां और भाई अपने कर्तव्यों से पीछे नहीं हटते।यह सम्मान एक छोटा सा प्रयास है उन्हें धन्यवाद कहने का।श्रमिक दिवस मनाने की सार्थकता तभी है जब हम श्रमिकों का सम्मान करें,जहां श्रम का सम्मान होता है, वहीं सच्ची प्रगति होती है।इस दौरान नगर पंचायत के रनदीप दास, अरविंद यादव, आकाश सिन्हा, परवेज, हैदर, शशि व अन्य उपस्थित थे।

## नगर पंचायत क्षेत्र में बंद पड़े स्ट्रीट लाइट, सड़कों पर अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर



नगर पंचायत राजपुर में लाखों की लागत से लगे स्ट्रीट लाइट व हाई माक्स लाइट लगने के कुछ महीने बाद ही बंद होने लगे है। स्ट्रीट और हाई मास्क लाईट के बंद होने से सड़कों पर अंधेरा है। ऐसे में लोगों में खासी नाराजगी नजर आ रही है। वर्तमान में लगभग एक माह से सडकों पर अंधेरा पसरा हुआ है। अब इस समस्या को लेकर वार्ड पार्षद ने तीन दिनों के भीतर सुधार कराने की मांग की है। बताया जा रहा है कि नगर पंचायत राजपुर में वार्ड क्रमांक 10 पटेल चौक से वार्ड क्रमांक 15 अग्रसेन चौक पानी टंकी तक, वार्ड क्रमांक 6 के प्रमुख मार्ग, पटेल चौक से बाजार पारा मंदिर तक स्ट्रीट व हाई मास्क लाईट लगाए गए है परंतु ठेकेदार द्वारा गुणवत्ताहीन सामग्रियों का उपयोग किया गया। ऐसे में स्ट्रीट लाइट व हाई माक्स लाइट कई जगहों पर बंद पड़ा है जिससे वार्ड कई जगह में काफी अंधेरा पसरा हुआ है। वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद विश्वास गुप्ता ने भी नगर पंचायत सीएमओ को पत्र लिखकर वार्ड क्रमांक 6 में बंद पड़े स्ट्रीट लाइट का सुधार कार्य करने हेतु तीन दिवस के भीतर आवेदन दिया है। उन्होंने कहा कि स्ट्रीट लाइट की समस्या को लेकर सदन में लड़ाई लड़ने के बाद भी समस्या से सुधार नहीं होने के कारण अब सड़क पर लड़ाई लड़ने के लिए मजबूर होना पड़ रहा हैं। इस संबंध में सीएमओ नगर पंचायत रविंद्र लाल ने बताया कि सर्वे कराया गया हैं, छह वार्डो में लाइट की समस्या की जानकारी मिली है, कहीं पर कार्बन लग गया है कहीं पर तार फाल्ट हो गया हो, मौसम के कारण लाइट का दिक्कत है। ठेकेदार को लेटर लिखा गया है कि 24 घंटे के अंदर लाइट कार्य सुधार करें। ठेकेदार काम नहीं करता है तो उनकी टीडीआर की राशि को जब्त कर सुधार कार्य करवाएंगे।

## बिजनेस प्लस



### एक्वा वर्ल्ड वाटर पार्क का उद्घाटन जल्द संभाग में पहली बार पार्क की सौगात

**अम्बिकापुर।** गर्मियों के मौसम में हर कोई पर्यटन स्थल पर घूमने नहीं जा सकता क्योंकि पूरे परिवार के साथ कहीं दूर घूमने जाने का मतलब अधिक खर्च है। ऐसे में लोग बच्चों को वाटर पार्क घुमाने ले जा सकते हैं। इस तपती गर्मी में वाटर पार्क ही ऐसा जगह है जहां लोग परिवार के साथ दो पल सुकून से बिता सकते है। जहां यहां घंटों तक पानी में मस्ती करने का मजा न केवल बच्चे उठा सकते है बल्कि बच्चों के साथ माता पिता भी लुफ्त उठा सकते है। ऐसा ही एक अत्याधुनिक वाटर पार्क का शुभारंभ होने जा रहा है, जिसे लेकर नगरवासियों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। जनरल मैनेजर पवन कुमार, ऑपरेशनल मैनेजर संजय कुमार गुप्ता, मार्केटिंग हेड उत्कर्ष किरण व एफ एण्ड बी मैनेजर बबलू ने बताया कि यह वाटर पार्क शहर के बाहरी क्षेत्र में स्थित है और यह गर्मी के मौसम में लोगों के लिए मनोरंजन और सुकून का एक नया और बेहतरीन विकल्प लेकर आएगा। वॉटर पार्क का निर्माण एक्वा वर्ल्ड के नाम से किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न प्रकार की जल क्रीडा की सुविधाएं जैसे कि वेव पूल, रेन डांस, मल्टी लेवल स्लाइड्स, किड्स प्ले एरिया सहित अन्य उपलब्ध होगी। पानी पर स्लाइड करने का मजा जो होता है. वह किसी भी एडवेंचर से कम नहीं होता। क्योंकि यह ऊपर से तेज गति में नीचे की तरफ गिरता है। यहां आप रेन डांस का आनंद भी ले सकते हैं। अगर पानी में खेल कर थक गए हैं. तो कुछ समय लाउंज कुर्सियों पर आराम भी फरमा सकते हैं। पार्क की डिजाइन को इस तरह से तैयार किया गया है कि यह बच्चों, युवाओं और परिवारों के लिए पूरी तरह सुरक्षित और आनंददायक हो। पार्क के उद्घाटन समारोह की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। नगर के प्रमुख अधिकारी, जनप्रतिनिधि के इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होने की संभावना है। पार्क उद्घाटन के पहले दिन बड़ी संख्या में आगंतुकों के आने का अनुमान है। अग्रिम बुकिंग हेतु मार्केटिंग हेड से 9308498444 पर संपर्क किया जा सकता है।

## नपं की बैठक में 278 विकास कार्यों के एजेंडे का प्रस्ताव पास

**बिश्रामपुर।** नपं बिश्रामपुर के परिषद की बैठक में 278 एजेंडों पर गंभीरता से चर्चा कर सर्वसम्मति से सभी प्रस्तावों को पारित किया गया। उक्त बैठक नगर पंचायत के सभा कक्ष में संपन्न हुई, जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सभी पार्षद, प्रमुख अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।बैठक के दौरान अध्यक्ष द्वारा एजेंडा सूची प्रस्तुत की गई।बैठक में विभिन्न विकास कार्यों, नगर सुधार योजनाओं और नागरिक हित से जुड़े मामलों पर विस्तृत मंथन किया गया।परिषद की बैठक में 278 एजेंडे पर चर्चा कर नगर विकास को गति देने पार्षदों की सहमति पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव को पारित किया गया है। बैठक में मुख्य रूप से निर्णय लिया गया कि नगर पंचायत क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था के एवज में अब प्रति घर से पचास रुपए प्रति माह वसूली की जाएगी, जो कि अब तक निःशुल सेवा के रूप में चल रही थी। साथ ही सभी चौक चौराहों पर सीसी टीवी कैमरा लगाने,पीएम आवास हेतु भूमि आबंटन की मांग,बस स्टैंड स्थित हॉट बाजार के ऊपरी तल पर दुकान निर्माण, चौपाटी के सौंदर्यीकरण, पासिंग नाला समीप वाटर पार्क निर्माण, छठ घाट व गौरीशंकर मंदिर के पास गेट निर्माण,बस स्टैंड के पास नाली निर्माण,वार्ड नंबर 11 के झुग्गी बस्ती में

- वर्षों से निः शुल्क चल रही पानी की सप्लाई सुविधा के लिये अब कॉलोनी वासियों को देने होंगे 50 रुपये प्रति घर



पानी टंकी निर्माण व 50 नग विद्युत पोल, वार्ड नंबर 3 में ओपन जीम निर्माण, वार्ड नंबर 6 में स्टेडियम निर्माण, वार्ड नंबर 8 में बैडमिंटन कोर्ट निर्माण, सभी बोरिंग के पास पानी टंकी निर्माण कार्य जैसे कई एजेंडे को सर्वसम्मति से पारित किया गया है।परिषद की बैठक में प्रत्येक वार्ड में कचरा संग्रहण व्यवस्था को उन्नत बनाने, कचरा वाहन की संख्या बढ़ाने और स्वच्छता दीदियों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया, वार्डों की खराब सड़कों के निर्माण व मरम्मत कार्य हेतु नए प्रस्तावों को हरी झंडी दी गई। साथ ही जल निकासी की समस्या को देखते हुए सीमेंटेड नालियों के निर्माण का भी प्रस्ताव पारित किया गया।बैठक में नपं बिश्रामपुर अध्यक्ष निर्मला यादव, दिपेन्द्र चौहान, सीएमओ सुशील तिवारी, अरविंद यादव, रनदीप दास व अन्य उपस्थित थे।

### बारात में धक्का मुक्की करने से मना करने पर युवक से मारपीट

**अम्बिकापुर।** ग्राम अमदला निवासी पंकज यादव आ. नंदलाल यादव (25 वर्ष) 18 अप्रैल को बहन प्रिया के साथ ग्राम कुसू बारात गया था। इसी दौरान बारात में नाचने के दौरान ग्राम गौरेयापारा निवासी नंदलाल यादव पंकज की बहन के साथ धक्का मुक्की करने लगा। जिसे देख पंकज ने मना किया तो नंदलाल आ. जगरोपन यादव विवाद करने लगा। विवाद इतना बढ़ गया कि नंदलाल सहित बारात में शामिल अन्य युवको ने गाली गलौज करते हुए युवक के साथ मारपीट कर फरार हो गए। इधर मारपीट से घायल युवक ने उपचार कराने के पश्चात गत दिन घटना की रिपोर्ट दरिमा थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## बस स्टैंड कॉम्प्लेक्स की दुकान नीलामी प्रक्रिया में लगे भ्रष्टाचार के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर पंचायत बिश्रामपुर इन दिनों एक नीलामी विवाद को लेकर सुर्खियों में है। इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद संजीत यादव के नेतृत्व में वार्ड पार्षदों ने एक बड़ा कदम उठाते हुए कलेक्टर सूरजपुर को ज्ञापन सौंपकर बस स्टैंड स्थित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की दुकान क्रमांक 10 की नीलामी प्रक्रिया को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। पार्षदों ने इस नीलामी को राजस्व हानि और पारदर्शिता की अनदेखी करार दिया है।

- वार्ड पार्षदों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर नीलामी प्रक्रिया निरस्त कराने की मांग की

सूरजपुर कलेक्टर को दिए ज्ञापन में पार्षदों ने उल्लेख किया है कि 9 जनवरी 2023 को अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित दुकान क्रमांक 10 की नीलामी की गई थी।इस प्रक्रिया में केवल तीन बोलीदाता ही सामने आए और दुकान महज 7.10 लाख रुपए में सूरज सिंह नामक व्यक्ति के पक्ष में चली गई, जबकि बाजार मूल्य की राशि इससे कई ज्यादा है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि नगर पंचायत की परिषद ने इस विषय पर चर्चा कर सर्वसम्मति से नीलामी को निरस्त करने का प्रस्ताव पारित किया था, क्योंकि यह नीलामी उचित प्रतिस्पर्धा के बिना और बाजार दर की तुलना से काफी कम राशि में हुई थी। इससे न केवल नगर पंचायत को राजस्व की हानि हुई, बल्कि शासन की प्रतिष्ठा पर भी प्रश्नचिन्ह लग गया। ज्ञापन में पार्षद श्री यादव ने स्पष्ट रूप से मांग की है कि वर्तमान बाजार दर को ध्यान में रखते हुए दुकान क्रमांक 10 की नीलामी को तत्काल निरस्त कर निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से पुनः नीलामी की प्रक्रिया आरंभ की जाए जिससे शासन को उचित राजस्व प्राप्त हो सके और जनता का विश्वास शासन में बना रहे।इस मामले के उजागर होने के बाद स्थानीय नागरिकों में नाराजगी देखी जा रही है। कई लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ऐसे मामलों पर कार्रवाई नहीं की गई तो नगर पंचायत की कार्यप्रणाली पर विश्वास में कमी आएगी।नपं बिश्रामपुर के पार्षद संजीत यादव समेत आधा दर्जन पार्षदों के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपा है।

### ट्रक में लोड गन्ना को किसी और जगह बेचा, दो आरोपी गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** अम्बिकापुर निवासी मकसूद आलम ने चौकी लटोरी में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 21 मार्च को भिलाई स्थित मिलन चौक के व्यापारी को गन्ना भेजना था, इसके लिए खरसिया चौक के पास एक ट्रक सीजी क्रमांक 04 क्यूए 5721 खड़ा हूआ मिला जो रायपुर की तरफ वापसी भाड़ा खोज रहा था,उक्त गाड़ी चालक से 13 सौ रूपये प्रति टन के दर से गन्ना पहुंचाने का सौदा तय कर 14 टन गन्ना भिलाई के लिए भेजा गया, इसको 23 मार्च को भिलाई पहुंचना था जो समय पर नहीं पहुंचा, डाईवर को फोन लगाने फोन नहीं उठाया, डाईवर के नाम का पता ट्रू-कॉलर पर मोबाईल नंबर के आधार पर मनीष पाण्डेय पता चला जिसने 11 टन गन्ना कीमत 1 लाख 10 हजार रूपये को अन्यत्र स्थान पर बिक्री कर अमानत में खयानत किया है। प्रार्थी की रिपोर्ट धारा 316(3), 3(5) बीएनएस के तहत लटोरी पुलिस ने मामला पंजीबद्ध किया।



मामले में लटोरी पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर आरोपी चालक समीर केरकेट्टा पिता स्व. रथु उम्र 44 वर्ष एवं उसके साथी तुमनलाल देशलहरे पिता सोलाल उम्र 33 वर्ष, दोनों निवासी चोंगीखपरी, चौकी देवकर थाना साजा जिला बेमेतरा को पकड़ा। पूछताछ पर दोनों आरोपियों ने बताया कि गन्ना को निर्धारित स्थान पर न पहुंचाते हुए गन्ना को 47,226 रूपये में बिक्री कर प्राप्त रकम को गाड़ी का किस्त भरने एवं खाने-पीने में खर्च कर दिए।आरोपियों के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त ट्रक को जप्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी लटोरी अरूण गुप्ता, प्रधान आरक्षक सुशील मिश्रा,अम्बिका सिंह व सुनील एक्का सक्रिय रहे।

## कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने की आदिवासी युवक के परिजन से मुलकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

भूमाफियाओं की प्रताड़ना से तंग आकर युवक द्वारा आत्महत्या करने के मामले में अब कांग्रेस हमलावर हो गई है। गुरुवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष केपी सिंहदेव, पूर्व विधायक डॉक्टर प्रीतम राम, ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष सुनील सिंह सहित अन्य कांग्रेसियों ने ग्राम भेस्की में मृतक युवक के परिजन से मुलाकात की। इस दौरान मृतक के परिजन ने

- ग्राम भेस्की में युवक द्वारा आत्महत्या का मामला, सरकार पर उठाए सवाल



कार्रवाई के दौरान उपेक्षा का आरोप लगाया है और अब तक किसी प्रकार की वित्तीय सहायता सहित महत्वपूर्ण आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से सरकार के संवेदनशील होने और सुशासन की सरकार पर सवाल खड़ा किया है। समूचे घटनाक्रम से कांग्रेस जनों ने अवगत हो स्थानीय लोगों और परिवार जनों की समस्याओं के बारे में कहा है कि सरकार और स्थानीय अधिकारियों तक लंबे समय से सारी बातों को रखा गया है। कई मुद्दों पर बारीकी से जांच नहीं की जा रही है बेनामी संव्यवहार करके अर्जित की जा रही संपत्तियों की सघन जांच की जरूरत है। अभी तक सरकार अथवा प्रशासन ने पीड़ित परिवारों को कोई भी वित्तीय सहायता उपलब्ध नहीं कराई है साथ ही अब तक महत्वपूर्ण अपराधियों की गिरफ्तारी भी नहीं की जा सकी है। षड्यंत्रकारियों और दलालों को आदिवासियों के ऊपर अत्याचार करने की खुली छूट दी गई है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकार का रवैया समझ से परे है आखिर एक ओर सुशासन का ढोल पीट रही सरकार को इस मामले में स्पष्ट करना चाहिए कि अब तक इस मामले में कोई महत्वपूर्ण गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई है प्रशासनिक अधिकारी मौन साधे हुए हैं। भूमाफियाओं द्वारा किए गए संव्यवहारों की कम से कम भेस्की ग्राम में जांच क्यों नहीं कराई जा रही है। आदिवासियों के साथ सिर्फ अन्याय और अत्याचार हो रहा है सरकार पूरी तरह से असफल हो चुकी है और अपराधियों पर लगाम नहीं लगा पा रही है। इस दौरान राजेंद्र भगत, विजय पैकरा, शिवभजन मरावी, पूरन चंद्र जायसवाल, विवेक सिंह, रामकिशुन राम,राजेंद्र श्रीवास्तव, भजन राम, विमलेश, मुन्नाराम सहित अन्य कांग्रेस जन मौजूद थे।

